(ग) पिछले दो वर्षों के दौरान ऐसे किसी मामले की सूचना नहीं मिली है।

(घ) अस्पताल परिसर में तथा उसके आस-पास कड़ी निगरानी और सुरक्षा रख कर पर्याप्त निवारक उपाय किये जाते हैं। प्रसव के तुरन्त बाद बच्चा मां-बाप को दिखाया जाता है और बच्चे पर पहचान पट्टी लगाई जाती है।

(ङ) यह प्रश्न नहीं उठता।

(च) 25 जनवरी, 1993 के *समाचार पत्र में एक ऐसी रिपोर्ट भी* जिसका अस्पताल प्राधिकारियों द्वारा खंडन किया गया।

Committees and Groups functioning under the Medical Council of India

21713-. SHRI SANTOSH KUMAR SAHU: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to sta te:

(a) the names of Commitees and Groups functioning under the Medical Council of India, its composition and functions; and

(b) what steps Government have taken or proposa to take to include Central/ State Health Officers/CGHS Doctors in such Committees or Groups as also exchange information between the Council and Doctors?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI B. SHANKARANAND): (a) The Executive Committee and Post Graduate Committee are *flu* statutory committees constituted under the Indian Medical Council Act, 1956. The composition and functions of these committees are laid down in the said Act-In addition there are sub-committees dealing iner-alia with with curriculum, registration and equivalance, migration, eligibility and matters pertaining to the laying down of standards for medical colleges,

(b) State Governments, Universiies and Central Government are already represented on the Council/Committee.

राज्यों में एड्स संबंधी अस्पतालों का खोला जाना

2714. **डा० बापू कालदाते :**

श्री विश्वासराव रामराव पाटिल :

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि एड्स के रोगियों के साथ भेदभाव न करने के संबंध में कुछ राज्य सरकारों द्वारा अस्पतालों को आदेश दिये जाने के बावजूद भी देश में एड्स के रोगियों का उपचार नहीं किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो क्या केन्द्रीय सरकार प्रत्येक राज्य में कम से कम एक एड्स संबंधी अस्पताल खोलने का विचार रखती है ;

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) जी नहीं।

(ख) जी नहीं।

(ग) और (घ) ये प्रश्न नहीं उठते।

बम्बई और अन्य शहरों के अस्पतालों में एड्स के रोगियों को दाखिल करने से इंकार

2715. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल :** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह भी सच है कि बम्बई तथा अन्य शहरों के विभिन्न अस्पतालों में